उद्योग मन्त्री (श्री हरपाल सिंह) : आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। फैमिली प्लानिंग पर बोलते हुए राम लाल जी ने कहा है कि चोरों का राज है, यह लफज गल्त इस्तेमाल किया है, यह उनसे विदड्रा करवाइये।

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, मैनें उनके बारे में ये लफज नहीं कहे ये गल्त समझे है। मैंने सरकार के बारे में कुछ नही कहा। मैं ऐसी गलत बात नहीं कर सकता। मैं तो थानेदारों के बारे में कह रहा था कि चोरी हो रही है और उन्हें

फुर्सत उनको पकड़ने की नहीं है इस तरह चोरों का राज है। मेरा ख्याल है अब इनकी गलत फैहमी दूर हो गई होगी। स्पीकर साहब, संयम से रहने के बारे में ि ाक्षा दी जाए। दूसरे एजुके ान सिस्टम में चेंज लाई जाए। ए ाो–इ ारत के सम्बन्ध में जितनी फिल्में बनाई जाती है वे सब बन्द की जाएं। रसालों के अन्दर गल्त चीजें निकलती है, उन सबको बन्द किया जाए ताकि इन्सान का रूझान गलत4 बातों की तरफ न जाए। दूसरे तरीके भी सरकार ने निकाले है जो जनता के अनुकूल है उनके प्रयोग पर ज्यादा जोर दिया जाए। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी दल सिंह (जींद) : स्पीकर साहब, बजट पर चर्चा चल रही है। मैं भी चन्द मिनट में अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं। वहां तक बजट का संबंध है, बड़ा सोच विचार कर बड़ा अच्छा बजट बनाने की कोि ा ा की गई है। (चौधरी ि ाव राम भार्मा की ओर से विघ्न) मैं आपकी रग रग को अच्छी तरह जानता हूं। मैं वह नही हूं कि दीया जलाया और गांधी जी की समाधी पर जाकर माफी मांग ली – (विघ्न) – कृपया आप चुप रहें – (विघ्न) – मैं तो दल बदल कर आया हूं। आप बंसी लाल के पांव पड़े और यहां रहे, लड़का एच.सी.एस. बनवाया, यहां पर खु ाामद करते रहे इसलिए आपको अपने विशय में पता होना चाहिए। आप मुझे जितना छेड़ोगें मैं आपकी अच्छी तरह तसल्ली कर दूंगा। माफी मांगने वाले तो आप है। अगर मैं माफी मांग कर आया हूं

तो आपकी सरकार है वहां जा कर देख लें कि माफीयामा आपका है या मेरा है। सैंटर में जाकर आप अच्छी तरह से पता लगा लेना। आपको पता होना चाहिए कि एस्टीमेट्स कमेटी के अन्दर आप बगैर मोहर लगाए बंसी लाल को पर्ची दे आये थे। ऐसा मैंने जिन्दगी में कभी नही किया।

Pandit Chiranji Lal Sharma : I wold request the Hon. Member not to be personal.

Deputy Speaker : No interruptions and no personal remarks please.

चौधरी दल सिंह : मैं सरकार से अर्ज करना चाहता हूं और उसका ध्यान जिला जीन्द की तरफ दिलाना चाहता हूं। हमारे जीन्द जिले को कागजों में भी पिछड़ा हुआ मानते हैं। जब सरकार को इस बात की तसल्ली है तो महकमों की तरफ से काफी ध्यान दिया जाना चाहिये। हरियाणा प्रदे ा कृशि प्रधान प्रोविन्स है। इसकी 90 प्रति ात जनता खेती पर गुजारा करती है। खेती पर गुजारा करने वाले प्रदे ा को सबसे जरूरी पानी है। सरकार ने बे ुमार दौलत पानी पर खर्च की है। जहां सरकार ने इतना पैसा पानी पर खर्च किया तो मैं चाहूंगा कि जिला जींद में जो गांव बिल्कुल खु ाक है जिनके बारे में मैं पिछले 5–6 सालों से सरकार के नोटिस में लाता रहा हूं उनके बारे में आज भी नोटिस में लाना चाहता हूं। ये ऐसे गांव है जिनकी तरफ सरकार को

वि ोश रूप से ध्यान देना चाहिए। इन गांवों में नहर के पानी का भी अभाव है और नीचे का पानी खारा होने के कारण टयूबवैल भी नही हैं इसलिए सरकार को पानी का प्रबन्ध करना चाहिए ताकि वे अपनी रोजी आसानी से कमा सकें। झाज खुर्द, झाज कलां, बढ़ौदी, जाजवान, जाजवान खेड़ी और दरियावाला, ये पांच सात ऐसे गांव है जहां पर सामदो माइनर को बढ़ाने का सवाल है। मुख्य मन्त्री साहब दौरे पर गये थे। ये वहां पर वायदा करके आए थे कि इस माइनर को हम ऐक्सटैन्ड करेंगे मैं आपके जरिये मुख्य मंत्री जी को याद दिलाना चाहता हूं कि सामदो माइनर को ऐक्सटैन्ड करा कर वहां पानी की सहूलियत दी जाये। इस प्रकार से जुलाने के इलाके में मालणी, दोरड़ गुसाईवाला, झमोला और लिजवाना आदि गांव है। वहां पर भी पानी का अभाव है। इन गांवों में पानी के पानी का भी अभाव है। सरकार जहां दूसरे इलाकों में पानी देती है, वहां के लिए भी इसे प्रबन्ध चाहिए ताकि लोगों का आसानी से गुजारा चल सके।

इसके अलावा ि ाक्षा की तरफ भी सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। ि ाक्षा के सिलसिलें में भी हमारा जींद जिला पिछड़ा हुआ है। यहां पर पढ़े लिखों की औसत कम है। जब सरकार यह मानती है कि जिला जींद में पढ़े लिखे की औसत कम है तो सरकार का फर्ज होता है कि उस तरफ भी ध्यान दे। जब भी हाई स्कूलों की अपग्रेडे ान हो तो जिला जींद की तरफ खास तौर पर ध्यान दिया जाये। बुवाना में एक हाई स्कूल की तजवीज

है। इगरा गांव ने तीन लाख रूपये खर्च करके बड़ी भारी बिल्डिंग बनाई है, इसलिए वहां पर हाई स्कूल बनाया जाए।

इसके साथ ही मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे अध्यापक कुछ गलतियां करते रहे है और इलैक ान के टाईम पर भी की है। लेकिन जो डी.ए. पर कट लगाई है अब उसको बहाल कर देना चाहिए। जब दूसरे ऐम्पलाइज को डी.ए. पूरा मिलता है तो उनको भी पूरा मिलना चाहिए।

सरकार ने चौथी पंचवर्शीय योजना में हरिजनों की चौपालों के लिए 26 लाख 35 हजार रूपये खर्च किया। इसका मतलब यह है कि एक चौपाल पर 2635 रूपया खर्च किया। आजकल के जमाने के मुताबिक यह बहुत थोड़ी रकम है। इतने पैसे में चौपाल नहीं बन सकती। सरकार की वाकई में गरीबों के साथ हमदर्दी है तो कम से कम एक चौपाल के लिए 5 हजार या 10 हजार रूपये तो देने चाहिएं। जिन गांवों में हरिजनों की तादाद ज्यादा है वहां पर चौपाल अव य बनानी चाहिए।

स्पीकर साहब इवैक्यू प्रापर्टी का मामला चन्द सालों से लटकता आ रहा है। सन् 1961 के अन्दर हिदायत जारी हुई कि जिस मकान का या जमीन का कब्जा हरिजन, बैकवर्ड या दूसरे किसी भाई के पास है तो उससे 30 रूपये असल कीमत प्लस 25 रूपये पैनल्टी लेकर के उसका कब्जा उसे ही दे दिया जाए लेकिन अब वह बात सन् 1971 की रजिस्ट्रे ान के बाद उठा ली गई है।

तो यह लटकता हुआ सवाल है। इपको खत्म करना चाहिए। जिस आदमी का कब्जा इवैक्यू प्रापर्टी पर 25–30 साल से है, सन् 1961 की इंस्ट्रक ान लागू करके 30 रूपये असल कीमत प्लस 25 रूपये पैनल्टी डाल कर उसको मालिक बना देना चाहिए या उनको मुफ्त तौर पर यह प्रापर्टी दे देनी चाहिए ताकि यह मामला ज्यादा देर ने लटकता रहे।

स्पीकर साहब, एक्वीजी ान आफ लैंड के मामले में बड़ी धांधली है कई दफा देखने में यह आता है कि जमीन एक्वायर कर ली गई है लेकिन वह जमीन काफी सालों तक बेकार पड़ी रहती है। मेरे इलाके से काफी जमीन एक्वायर हुई है उस जमीन में टयूबवैल भी लगे हुए है और उस पर खेती भी हो सकती है। मैं गवर्नमैंट से यह दरखास्त करूंगा कि ऐसी मीन जो गवर्नमैंट ने एक्वायर कर ली हो, फिलहाल उस पर कोई कार्यवाही न होनी हो, जो खेती करने के काबिल हो, उस पर खेती करने की इजाजत होनी चाहिए। हमारे जींद के अन्दर बदकिस्मती से जितनी भी जमीन अब तक एक्वायर हुई है वह सैनियों की हुई है। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि आगे से इस सैनी बिरादरी का ख्याल रखा जाये क्योंकि यह बिरादरी खेती करने वाली है, अच्दी तरह से खेती करना जानती है, आगे से इनकी जमीन एक्वायर नहीं होनी चाहिए। मैं आपके द्वारा स्पीकर साहब, यह अर्ज करना चाहता हूं कि सैनी बिरादरी की जमीन की एक्वीजी ान के लिये कोई कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। एक बात और मैं स्पीकर

साहब अर्ज कर देना चाहता हूं। बैकवर्ड क्लासिज के लोगों के लिये दो परसैंट रिजर्वे ान है यह बहुत ही कम है। देखने में यह आता है कि इन बैकवर्ड क्लासिज के लोगों की गिनती सर्विसिज में बहु कम है। मैं प्रार्थना करूंगा कि इन कम्यूनिटी को ज्यादा से ज्यादा रियायत देकर इनकी तादाद को बढ़ाया जाये। इन अलफाज के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री राम धारी गौड़ (गोहाना) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आज हम बजट पर आम बहस करने जा रहे है। स्पीकर साहब, मैं वित मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने बिजली और पानी के लिये इसमें काफी रूपया रखा है। आप जानते है कि बिजली पानी से ही इस प्रान्त की खु ाहाली हो सकती है। किसानों को राहत मिल सकती है। लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि अनाज के उत्पादन में इजाफा हुआ है। उसमें मेहनत किसान की है। लेकिन किसानों को बचत कितनी हुई है, यह देखने की बात है। आप देहात में जायें तो आपको मालूम होगा कि 99 प्रति ात किसान आज कर्जे के नीचे दबा हुआ है। चाहे वह बैंक का कर्जा है, कोआप्रेटिव सोसायटी का कजा है या किसी और जगह से लिया हुआ कर्जा है। आपको कोई भी आदमी ऐसा मु कल से ही मिलेगा जो कर्जे के नीचे न दबा हुआ हो। अगर कोई होगा भी तो उसने इधर उधर से लेदेकर काम चलाया हेागा। इसकी वजह यह है कि अपनी मेहनत से वह जो पैदा करता है, उसकी कीमत तो फिक्स कर दी जाती है लेकिन दूसरी सैकड़ो

चीजें जो उसे खरीदनी पड़ती है, उसकी कीमतें बढ़ती रहती है। वह एक जिन्स को तो पैदा करता है लेकिन उसकी कम से कम सौ सवा सौ चीजें खरीदनी पड़ती है और उन के भाव भी आप ही देख लीजिए कि किस तरह से बढ़ गये है आप देखिये आबियाना बढ़ गया है, मालियाना बढ़ गया है, फर्टीलाइज्र की कीमतें बढ़ गयी है, कपड़ों की कीमत बढ़ गयी है, जितने भी ऐग्रीकलचर में काम आने वाली एम्पलीमैंटस है, उनकी कीमतें बढ़ गयी है। खेती के काम आने वाली औजार है, उनकी कीमतें कई गुणा बढ़ गयी है। कपड़ा लेने जाता है तो उसकी कीमत बढ़ गयी है, सीमेंट ले जाता है तो उसकी, कीमत बढ़ गयी है। आप देखिये कि जो सौ–सवा सौ–चीजें उसकी खरीदनी पड़ती है, उस की कीमतें तो बहुत बढ़ गयी है, लेकिन जो अनाज वह पैदा करता है उसकी कीमत आपसे मुकर्रर की हुई है मैं यह कहना चाहता हूं कि उसको सस्ती चीजें मिलनी चाहिए ताकि उसको बचत हो सके। मैं आपके द्वारा मुख्य मंत्री साहब से यह निवेदन करूंगा कि उसकी जो जरूरियाते जिन्दगी की चीजें है, वह उसको सस्ती दी जायें। आप जानते है कि हरियाणा का किसान मेहनती है। उसको साधन दिये जायें तो वह इससे भी ज्यादा उत्पादन कर सकता है लेकिन उसके हैडीकैप्स है। उसको पूरे साधन नहीं मिलते, वह मजबूर है। उसको ब्याज इतना देना पड़ता है कि उसको जो बउसकी मजदूरी है, वह भी पूरी नहीं पड़ती है। अध्यक्ष महोदय, आप अन्दाजा लगायें कि अगर देहात का आदमी इस बात का हिसाब लगाने लगे कि उसकी मजदूरी कितनी बनती है तो उसकी मजदूरी करने लग

जाये तो इससे ज्यादा तो वह मजदूरी करके कमा सकता है और फिर वहां पर तो 6–8 घंटे काम करना पड़ेगा लेकिन वह बेचारा 14–15 घंटे काम करता है। कई दफा तो देखने में यह भी आता है कि वह इतना बिजी होता है कि वह बड़ी मु कल से दो तीन घंटे ही सो पाता है। क्योंकि रात को पानी चल गया तो वह पानी देने लग जाता है। उसके साथ जो उसके 10 बच्चे भी काम करते है, अगर उनकी मजदूरी का हिसाब भी लगा लें तो उसकी मजदूरी भी पूरी नही होती। जो आबियाना और मालियाना होता है, वह बे ाक उससे ले लें लेकिन किसान को कम से कम राहत अव य मिलनी चाहिए।

श्री बनारसी दास गुप्त : कम से कम राहत मिलनी चाहिए ? .....

श्री राम धारी गौड़ : मेरा कहने का मतलब यह है कि उनको कम से कम राहत तो मिलनी चाहिए। कम से कम आप ऐसा तो कर दें कि उसको कुछ राहत मिल जाये। अध्यक्ष महोदय, आप देखिये हरियाणा में पिछड़ा तबका भी बसता है, हरिजन भी हैं। आप देखिये वैसे तो वे जिन्दा हैं लेकिन उनका रहन सहन ऐसा है कि वे बहुत दु:खी है।

श्री अमर सिंह : आप कब से हो गये हरिजनों के हमदर्द ?

श्री राम धारी गौड़ : मैं तो हमे ाा से ही यह बात कहता आया हूं। इसकी एक वजह है और वह यह है कि मोची का काम तो बाटा ने अपने हाथों में ले लिया है, लोहार का काम टाटा ने अपने हाथों में ले लिया है और चुलाहे का काम बिरला ने अपने हाथ में ले लिया है। दे ा में बड़े–बड़े कारखाने जरूर चल रहे है लेकिन गरीब आदमी के लिये कुछ नही हो रहा है। वह बेचारा ले देकर इधर उधर से काम चलाता है। क्योंकि उसकी आमदनी पहले से कम हो गयी है। बेचारा इस तरह से करता है कि एक से ले लिया, अब वह आदमी मांगने आया तो दूसरे से पकड़ कर दे दिया। इसी तरह से यह सिलसिला चलता रहता है। इसलिए मैं यह सुझाव दूंगा कि देहात में चाहे कोआप्रेटिव सिस्टम से, चाहे सोसायटियां बनायी जायें, जो घरेलू दस्तकारियां है, जो घरेलू काम धन्धे है, उनको लोन दिया जाये। यह ठीक है आप सब को जमीन नहीं दे सकते और न ही ऐसा करना मुमकिन है। आप कम से कम उनको ऐसे धन्धे तो दो जिनसे वे काम चला सकें। अब क्या होता है ? कही मिट्टी का काम निकल जाता है तो वह बेचारा 5–5, 7–7 मील तक गढ़े खोदने जाता है। अध्यक्ष महोदय, उसको बारह महीने काम नही मिलता। यह अब 20 सूत्री प्रोग्राम के बारे में बड़े लम्बे चौड़े बोर्ड 12.00 बजे गाये गये है। मैनें देहात का दौरा किया है मैनें कही भी 20 सूत्री प्रोग्राम का असर नही देखा। मैंने एक आदमी से पूछा कि क्या 20 सूत्री प्रोग्राम का देहात के अन्दर कोई असर है। उसने कह कि अच्छा होगा कि आप उसके बारे में न पूछें। यह प्रोग्राम तो सिर्फ अखबारों में और

रिसालों में है। वहां तो सिर्फ एक सूत्र का असर है और बाकि 24 सूत्र का कोई असर नहीं है और वह एक सूत्र है फैमिली प्लानिंग। किसी का भी रहन सहन ऊंचा नही हुआ है (व्यवधान) यह मैं मानता हूं कि प्लाट दिए गए है लेकिन जितना प्रोपेगण्डा है उतना काम नहीं किया गया है। इसमें भी जबानी सौदा ज्यादा है। एक आदमी एक तरफ रहता है और उसको 100 गज का प्लाट दूसरी तरफ दिया जाता है। वह किस तरह से अपने बच्चों को उठाकर वहां ले जाए। वह अपनी फैमिली की डिवाइड कैसे कर सकता है कि आधी फैमिली एक तरफ रहे और आधी दूसरी तरफ रहें। अगर उसी मोहल्ले में दिया जात तो अच्छा रहता। मैं पच्चीस फीसदी गांवों की मिसाल दे सकता हूं कि जहां पर उसी मोहल्ले में प्लाट नहीं दिया गया। इस बारे में एक बात और कहना चाहता हूं कि खाली प्लाट देने से काम नहीं चलता। सब से बड़ा काम तो गुजारे का है जब तक उसको रोजगार नहीं मिलेगा, चाहे आप किना ही पैसा दे दें और आपने बजट में प्रोवीजन भी रखा, तो पक्के मकान का इतना फायदा नही है। क्योंकि वह कि तों का पैसा नहीं दे सकेगा और वह कर्जदार हो जाएगा। आखिर में वह मकान बि जाएगा। आप उसको रोजगार दीजिए। वह पैसा कमाएगा तो मकान अपने आप बना लेगा। खाली मकान से काम नही चलता। वित मी जी ने कोई टैक्स नहीं लगाया, अच्छी बात है लेकिन कुछ पैसा लोगों की जेब से निकलता रहता है। वह टैक्स खुफिया है, वह दिखाई नही देता और वह टैक्स है इंस्पैक्टरी टैक्स। आपने इन्सपेक्टर्ज बनाए है। एक बाटों वाला इंस्पेक्टर है एक टाइम वाला

इंस्पैक्टर है वह दुकान पर जाता है और कहता कि हल्दी में किनी रेत मिलाई है। वह कहता है कि पचास रूपया महीना देना पड़ेगा नही तो चालान हो जाएगा। वह इंस्पेक्टर दूध वालों सेपैसा बांध लेता है। वे लोग कहां से पैसा दें। उन्होंने यह पैसा लोगों से वसूल करना है। चीजें तेज करके पैसा वसूल करना है। वह टैक्स कागजात में कही नी है लेकिन वह टैक्स लगता है। मैं मुख्य मंत्री महोदय से यह कहना चाहता हूं कि यह जो दस बारह तरह के इंस्पेक्टरर्ज की फौज है और इस फौज में कम से कम 10–12 सांड है इस फौज को कम करिए। इस इंस्पेक्टरी राज को किसी तरह से खत्म करिए (व्यवधान) दुकानदार लोगों को साफ चीजे देना चाहते है लेकिन दुख यह है कि लौगों को साफ चीजें भी नही मिलती। अगर यह फौज खत्म कर दी जाए तो ट्रेडर्ज को राहत मिलेगी।

एक बात मैं गोहाना के बारे में कहना चाहता हूं। पांच साल के अन्दर वहां कोई पैसा नही लगा है। जो पुल मन्जूर हुए थे उन पर ईंट तक नही पहुंची। आप चाहे तो रिकार्ड निकलवा कर देख सकते है। मैं बताना चाहता हूं कि वह ड्रेन नम्बर आठ है जो बहुत बड़ी ड्रेन है। वह गांव के खेतों के बीच में से जाती है और इस प्रकार गांव के खेत एक तरफ रह जाते है और कुछ खेत दूसरी तरफ रह जाते है। यह काफी बड़ी ड्रेन है इसको पास करना बड़ा मुि कल है। छोटी ड्रेन हो तो उसको पास करके जाया जा सकता है। लोगों को पांच छः मील का चक्कर काटकर

जाना पड़ता है। मेरी प्रार्थना है कि आप वहां पर पुल बनवाएं जिससे लोगों को सुविधा मिल सके। गोहाना में इंडस्ट्रियल अस्टेट कागजात में है यह पिछले पांच साल से सुन रहे है लेकिन कोई अमल नही हुआ है। पता लगा था कि जमीन अक्वायर हुई है लेकिन अभी तक वहां कोई चीज नही है। अगर आप इंडस्ट्री नी लगाएगें तो लोगों में असंतोश बढ़ेगा। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि गोहाना में एक मिल्क प्लांट लगना चाहिए। गोहाना की गाय और भैंस बहुत म ाहूर है। एक मिल्क प्लांट मन्हूर हुआ था। उसके बाद अम्बाला में लगा, जींद में लगा और भिवानी जो कि सूखा इलाका है वहां पर भी मिल्क प्लांट लगा लेकिन गोहाना जहां पर प ाुधन बहुत है उसको मिल्क प्लांट से वंचित रखा गया है। एक भारीर है और उसके अलग अलग अंग है अगर भारीर के किसी अंग को कमजोर रखा जाए तो वह ठीक नही रहता। भारीर का एक अंग अगर मोटा हो जाए और दूसरा अंग पतला या कमजोर रह जाए तो वह आदमी कार्टून सा दिखाई देता है। जहां सारे हरियाणा का विकास हुआ है पता नहीं क्या वह वजह है कि पांच साल से गोहाना को ऐसा भुला दिया है कि वहां कोई काम नहीं हुआ है। गोहाना का हरियाणा में नाम ही नही है। काम न करने के कारण भी है लेकिन मैं यहां नहीं बताना चाहता हूं। मेरी प्रार्थना है कि उन कारणों को हटाकर उस तरफ ध्यान देना चाहिए। स्पीकर साहब, जितनी बातें मैंने कहीं है उन पर अमल हो जाए तो यह काफी है। इतना कहकर मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

चौधरी हरस्वरूप बूरा (महिम) : माननीय स्पीकर साहब, आज जो हमारे सामने 1977–78 का बजट पे ा हुआ है, उसकी तफसील में मैं ज्यादा नहीं जाना चाहता। माननीय सदस्य काफी बोल चुके हैं, मैं तो केवल चन्द बातों के बारे में अपने विचार रखने के लिए उपस्थित हुआ हूं। स्पीकर साहब, हरियाणा एक कृशि प्रधान प्रदे ा है उसके अन्दर गरीबों का प ा धन है और प ा हस्पतालों के बारे में बजट के अन्दर जिकर किया गया है लेकिन अगर इन प ा हस्पतालों की हालत देखी जाए तो उनमें दवाई नाम की कोई ऐसी चीज नहीं है। मैं आपके द्वारा सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि उन प ा हस्पतालों में दवाई की बहुत कमी है इनकी रक्षा तभी हो सकती है जब कि इन हस्पतालों की ठीक ढंग से व्यवस्था की जाए।

दूसरी बात स्पीकर साहब गरीबों के कर्जे के बारे में यहां पर कहना चाहता हूं कि मुर्गी पालन, प ा पालन और दूसरे व्यवसाय चलाने के लिये गरीबों को कर्जा दिया जाता है, उनसे गरीबें को दिक्कत आती है। सरकार कहती है कि हमने कर्जा दिया, असल में स्पीकर साहब, कर्जा दिया नहं जाता दिलवाया जाता है। उन लोगों से जो उन लोगों की जमानत दे सकते है। तो इस तरह से गरीब आदमी को अपनी जमानत ढूंढने के तकलीफ होती है, मैं आपके द्वासरा सरकार से निवेदन करूंगा कि बिना किसी जमानत के गरीब आदमियों को कर्जा दिया जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

तीसरी बात जो मैं यहां कहने चला हूं वह सड़कों के संबंध में है। अभी हमारे दोस्त चौधरी रामलाल जी ने इस बारे में कह भी दिया है। डबल लिंक के बारे में बड़ी भारी तकलीफ है। रास्ते में जगह–जगह पर लौंग रूट्स दिय हुए है तो मैं सरकार से यह दरखास्त करूंगा कि सरकार इस बारे में भी कुछ विचार करें और महम और जुलाना के बीच तीन चार किलोमीटर का एक टूकड़ा है अगर उसको बनाकर पक्का कर दिया जाए तो वह सड़क लौंग रूट बन जाएगी। इसी तरह से भिवानी से लेकर सफीदों की सड़क को भी ठीक किया जाए ताकि चण्डीगढ़ के लिये एक लौंग लिंक तैयार हो सके। उसके साथ जुलाना मण्डी भी लगती है और साथ में तीन चार गांव भी है जिन को इस से फायदा होगा।

इसके बाद स्पीकर साहब, मैं परिवहन के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। इस बजट के अन्दर यह प्रोवीजन रखा गया है कि एयर कंडी ानड बसें बनाई जाएंगी, मैं इसके खिलाफ नहीं हूं, होनी भी चाहिए लेकिन कम से कम यह बात भी सरकार को ध्यान में रखनी चाहिए कि जो दूसरी बसं है जिन में आम आदमी चलता है उनकी कंडी ान को भी सुधारा जाए तो बेहतर रहेगा। सिवायें धुंआ देने के और कोई बात नहीं, इसलिए आपके द्वारा मेरी सरकार से दरखास्त है कि दूसरी बसों की हालात को भी सुधारा जाए। इसके साथ साथ मैं ि ाक्षा के बारे महना चाहता हूं, सबसे पहले मैं अध्यापकों की ट्रांसफरज के बारे में कहना चाहता हूं कि ट्रांसफरज हों इस में मुझे एतराज नही है, पर इस वक्त जो

ट्रांसफरज हुई है, वह गलत हुई है, मेरे हल्के में अध्यापकों के साथ बहुत ज्यादतियां हुई है मेरी सरकार से आपके द्वारा दरखास्त है कि सरकार इस तरफ ध्यान दे और ट्रांसफरज की पालिसी ऐसी होनी चाहिए किसी आदमी को नजायज तंगी न हो।

दूसरे ि ाक्षा के बारे में एक और बात मैं कहना चाहता हूं कि ि ाक्षा विभाग की इस नीति को दोबारा ध्यान से देखा जाना चाहिए ताकि ि ाक्षा में उन्नति हो जैसे अब किया गया है कि पहली क्लास से लेकर 7 क्लास तक बिना परीक्षा के बच्चों को अगली क्लास में चढ़ा दिया जाता है चाहे वह फेल हो या पास यह नीति अच्छी नहीं है इससे ि ाक्षा का स्तर गिरता है। मैं आपके द्वारा सरकार से व ि ाक्षा विभाग से यह दरखास्त करूंगा कि इस बात पर गौर करें और इस प्रकार की नीति को बन्द करें। अन्त में स्पीकर साहब, मैं टैक्सों के बारे में इतना ही कहना चाहता हूं कि आगामी बजट पर अगर इस सरकार द्वारा कोई टैक्स नहीं लगता है तो मैं इसका हार्दिक स्वागत करता हूं और अन्त में आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया।

मुख्य मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त) : अध्यक्ष महोदय, बजट पर आम चर्चा हुई मैं उसमें इंटरवीन तो नहीं करना चाहता था पर कुछ विशय`से उठाये गये कि मुझे बोलने पर विव ा होना पड़ा। वैसे तो बजट के बारे हमारे माननीय सदस्यों ने जो बातें कहीं है उनका जवाब वितमंत्री महोदय देंगे। मैं तो केवल कुछ बातें जिनकी चर्चा सदन में की गयी है, कुछ ला एण्ड आर्डर के

बारे में, कुछ पानी बिजली के बरे में कुछ रावी ब्यास के बंटवारें के बारे में जो बातेंकहीं गयी है उन पर कुछ अपनी भावनायें प्रकट करने के लिये उपस्थित हुआ हूं। पहली बात तो अध्यक्ष महोदय यह है कि नसबन्दी के बारे में काफी चर्चा, से हम यहां पर इकट्ठे हुये है, सारे दे ा के सामने यह एक बड़ी गम्भीर समस्या है, कोई भी पार्टी आये, कोई भी सरकार आये, अगर वह राश्ट्र का हित चाहती है, दे ा से गरीबी और बेरोजगारी दूर करना चाहती है तो उनको जरूरी तौर पर परिवार नियोजन का कार्यक्रम चलाना पड़ेगा इसमें कोई सन्देह नही है। जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि इसके करने का तरीका क्या हो, तो अनेक प्रकार के उपाय, हमारे कुछ नेताओं ने, समस्या की गम्भीरता को समझते हुए सुझाये हैं, किसी ने कानून की बात कही है कि कानून बनाकर परिवार नियोजन चलाया जाए, किसी ने परसूऐ ान की बात कही है कि समझा बुझा कर इस काम को किया जाये, किसी ने कहा कि कहीं पर अगर कुछ जोर जबरदस्ती अखतयार करनी पड़े तो वह तरीका भी अखतयार किया जाए तो इस प्रकार के प्रसव आये है, परन्तु इस बात से किसी ने इन्कार नहीं किया चाहे वह किसी दल से सम्बन्धित हो कि परिवार नियोजन का काम चलाये बिना हिन्दुस्तान का निर्वाह हो सकता है। तो अध्यक्ष महोदय, मैं इस बात को मानता हूं कि हम से कुछ गलतियां भी हुई हैं, हमारे अधिकरियों ने कुछ ज्यादतियां भी की हैं और जो ज्यादतियां अधिकारियो ने की हैंउस जिम्मेवारी से मैं भागना नही चाहता, वह सारी जिम्मेवारी हमारी है, और हमारी सरकार की है लेकिन एक बात अध्यक्ष

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि जो कुछ हमने किया उसमें गल्ती हो सकती है, उसमें तरीका गल्त हो सकता है लेकिन हमने जो कुछ किया है वह राश्ट्र के हित में किया गया। इस में जो ज्यादतियां हुई, गल्तीयां हुई, सख्तियां हुई तो उसका मुआवजा भी हमें भुगतान पड़ा है। आप जानते हैं कि लोकसभा के चुनावों में हमारी खूब पिटाई हुई है, परन्तु अध्यक्ष महोदय, जनता का जो निर्णय है, उसको हम सिर झुका कर स्वीकार करते है, और यही सही डैमोक्रेसी है, सही लोकतन्त्र यही है, अध्यक्ष महोदय, मुझ यह कहते हुये गर्व होता है कि तमाम दुनिया के अन्दर इतनी बड़ी डैमोक्रेसी और इतनी बड़ी पावर का इतने सालों तक उपयोग करने के बाद इतने भाान्तिपूर्ण और लोकतान्त्रिक तरीके से बदलना दुनिया के इतिहास में हिन्दुस्तान की यह एक मिसाल है। हम जनता पर वि वास करते है, और श्रद्धा रखते है और हमारी आस्था लोकतन्त्र के प्रति है। लोक सभा के चुनावों की हार को हमने स्वीकार किया, हमारे नेता ने स्वीकार किया और हमारे दल ने स्वीकार किया। अब जो नई पार्टी की सरकार नए नेता के नेतृत्व में बनी है उसका मैं अपनी सरकार की ओर से हृदय से स्वागत करता हूं (तालियां) मैं उनको इस बात का यकीन दिलाता हूं कि हमारी सरकार की ओर से उनको पूरा सहयोग मिलेगा (तालियां) लेकिन साथ ही मैं यह भी आ ाा रखता हूं कि हमें भी उस सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। मैं कामना करता हूं कि मेरी यह आाा ाा पूरी होगी। दूसरी बात अध्यक्ष महोदय, यह है कि मैं किसी एक कांड की बात नहीं करना चाहता हूं। अभी

दौलता साहब ने जिक्र किया था एक जगह का। मैं ऐसा समझता था कि दौलता साहब जैसे एक अच्छे पार्लियामैंटेरियन को किसी एक कांड का जिक्र सदन में नही करना चाहिये था। ये भाब्द मैं बड़ी नम्रता से कहता हूं कि वे स्वयं विधिवेता है कि जब कोई मामला सब जुडिस हो तो वह यहां पर कैसे उठाया जा सकता है। एक बात मैं कहना चाहता हूं जैसे मैनें इस बात को स्वीकार भी किया हे कि नसबन्दी के प्रोग्राम में गल्तियां भी हुई और कुछ ज्यादतियां भी हुई लेकिन इस कार्य में सीधा पुलिस का उपयोग नहीं किया गया। अब फर्ज करो हमारे कोई अधिकारी इस काम को लेकर कहीं गए और वहां उनके साथ किसी प्रकार की गड़बड़ हुई, कानून और व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई तो पुलिस का प्रयोग किया गया। परिवार नियोजन के काम में पुलिसका सीधा प्रयोग किया गया हो ऐसी कोई बात मेरी जानकारी में नही है। दूसरी बात जो मैं खास तौर से कहना चाहता हूं वह है रावी ब्यास के पानी के बंटवारे का जो प्र न है यह हरियाणा के भविश्य का और हरियाणा के जीवन और मरन का प्र न है। आप इस बात को अच्छी जानते है और हमारे भाई बूरा साहब ने भी कहा कि हरियाणा प्रदे ा एक कृशि प्रधान प्रदे ा है वैसे तो सारा दे ा ही कृशि प्रधान है और कृशि का दारोमदार पानी देने के लिये हमारे पास अन्य कोई साधन नहीं है सिवाए इसके कि रावी ब्यास में से हमें अपना हिस्सा मिले। जमना का पानी पहले ही बंटा हुआ है उसमें से 1/3 हिस्सा यू.पी. को जाता है और 2/3 हमें मिलता है। भाखड़ा का पानी भी बंटा हुआ है। अगर पानी हम बढ़ा सकते

है तो इसी साधन से बढ़ा सकते है। यह झगड़ा कई सालों से चल रहा था। संयुक्त पंजाब के हिस्से में 7.2 मिलियन एकड़ फीट पानी आया था। हरियाणा बनने के बाद हमने मांग की कि हमें हमारा हिससा दिया जाए। दौलता साहब ने कहा था कि पंजाब हमारा भाई है मैं भी पंजाब को अपना बड़ा भाई मानता हूं, हमारा उनके साथ कोई द्वे ा नहीं है लेकिन अगर भाई भाई अलग हो जाएं तो एक भाई को यह हक है कि वह पूरी नहीं हुई। अभी कुछ दिन पहले भारत सरकार ने निर्णय दिया मैं उसकी डिटेल में नही जाना चाहता कि वह निर्णय एक आदमी ने किया यादों आदमियों ने किया। मैं कहता हूं कि भारत सरकार ने किया और 3.5 मिलियन एड़ फीट पानी हमें दिया और इतना ही पंजाब को दिया और 0.2 मिलियन एकड़ फीट दिल्ली को दे दिया। हमने उस बात को स्वीकार किया। अब सवाल है उस पानी को पंजाब से हरियाणा तक लानेका उसके लिये हम एक नई नहर बना रहे हैं, तेजी के साथ काम भाुरू कर दिया है लेकिन उस नहर का ज्यादा हिस्सा पंजाब में बनना है। मुझे आ ाा है कि पंजाब सरकार उसे बनाने में हमारे साथ सहयोग करेगी। लेकिन मुझे डर इस बात का हुआ कि अभी लोक सभा के चुनावों के समय जब अकाली पार्टी ने अपना इलैक ान मैनिफैस्टो छापा, उसको आप देख सकते है, हमारे दोस्त देख सकते है। उसमें साफ तौर पर यह बात कही गई है कि अगर हमारी पार्टी कामया बहुई तो रावी ब्यास के पानी का जो बंटवारा हुआ है उसको हम रद्द कर देंगे। अध्यक्ष महोदय, मैंने कई बार प्रैस में भी और प्लेटफार्म पर भी इस बात का जिक्र

किया परन्तु आज तक उसका कोई जवाब नहीं मिला। आप 19 फरवरी के ट्रिब्यून को देख सकते हैं उसमें अकाली पार्टी के सीनियर वाइस प्रेजीडेंट री जगदेव सिंह तलवंडी का ब्यान प्रकाि ात हुआ है और उन्होंने लिखा है कि हमारी पार्टी का यानी अकाली पाटी की जनता पार्टी के नेताओं के साथ यह अंडर स्टैडिंग हो गई है कि अगर जनता पार्टी सैंटर में जीत कर आई तो हम रावी ब्यास के पानी के फैसले को रद्द कर देंगे और फालिल्का अबोहर का फैसला भी रद्द कर देंगे मतलब चंडीगढ़ को पंजाब में मिला देंगे और फाजिल्का अबोहर नहीं देगें और हरियाणा में जो पंजाबी स्पीकिंग एरियाज है जिन पर वह कलेम करते है, जैसे डबवाली, सिरसा, रतिया, टोहाना, थानेसर और कालका के इलाके है इन सब हिस्सों को हम पंजाब में मिला लेगें, यह हमारा समझौता हो गया जनता पार्टी के नेताओं के साथ। श्री गुरनाम सिंह तीर जो अकाली पार्टी के लीगल एडवाइजर है उन्होंने कलैरिफाई किया है कि इस पानी के फैसले को हम रिवाइज भी नही करेंगे इसको रद्द करवा देंगे। इसका मतलब यह हुआ कि हरियाणा को एक बूंद भी पानी नह देंगे। तो अध्यक्ष महोदय, यह अकाली पार्टी का मैनिफैस्टो है। यह स्टेटमैंट अकाली पार्टी के जिम्मेदार लोगौं की है। अध्यक्ष महोदय, ऐसा पढ़कर मुझे बड़ा दुख हुआ है। सरकार चाहे हमारी हो चाहे किसी और पार्टी की हो लेकिन हरियाणा हमारा भी है, उनका भी है और हरियाणा, हरियाणा वासियों का है और हरियाणा का भविश्य हरियाणा की औलाद का भविश्य इस पानी पर निर्भर करता है। हम बेरोजगारी

और गरीबी को दूर करने की बात करते है यह दूर कैसे होगी ? इसके लिये कोई साधन चाहिये, गरीबी कोई छूमन्त्र से दूर नही हो सकती है बल्कि इसको दूर करने के साधन चाहिये। साधन क्या है ? साधन हैं बिजली और पानी। मुझे डर लगता है अगर वह बात अकाली पार्टी की पूरी हो गई क्योंकि आज तक जनता पार्टी के किसी नेता द्वारा उस स्टेटमैंट की तरदीद नहीं हुई है अगर कोई आज भी उसकी तरदीद करदे तब भी मान जाएं। मैंने कल भी इस चीज का जिक्र इसलिए किया था कि सरकार के नाते से हम केन्द्रिय सरकार के पास जाएगें वह भी तब जब इस इ ा को उठाया या उसको बदलने की कोई बात उठाई जायेगी। हम केन्द्रीय सरकार के पास अपना कसे पलीड करने के लिये जाएंगे। मैनें सदन में यह कोई बुरी बात नही कही है। मेरे भाई जो सदन में मेरे सामने बैठे है इनका दल के नाते आज की सैंटर की सरकार से संबंध है मुझे आ ाा है कि वे हमारी इस कार्य में मदद करेंगे।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता : अगर यह फैसला तबदील किया गया तो आप हमारे इस्तीफे ले लें। (तालियां)

श्री बनारसी दास गुप्त : ठीक है, हम तो यही चाहते है कि रावी ब्यास के पानी का जो हिस्सा हमें मिला था वह कम नहीं होना चाहिए।

पंडित चिरंजी लाल भार्मा : यह तो सी.एफ.डी. वाला बोला है हम तो जनता पार्टी से यह चाहते है।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता : सी.एफ.डी. हमारे सब के है औरा हम उनकी इज्जत करते है। आप हमारे सबसे इस्तीफे ले लें।

श्री बनारसी दास गुप्त : बहुत अच्छा। अध्यक्ष महोदय मेरे विपक्ष के जितने साथी हैं, मै उनकी भावनाओं का आदर करता हूं और सराहना करता हूं, मुझे बड़ी भारी खु ाी है कि चाहे हम इधर बैठे चाहे उधर बैठे, हम सब मिल कर इस उददे य की पूर्ति के लिए लड़ेगें। यहां पर एक बात और उठाई गई है कि सदन की 6 साल तक कर दी है। यह बात दौलता साहब ने फरमाई कि इस की म्यादा पांच साल है, जनता ने हम को पांच साल के लिए चुनकर भेजा है, पांच साल के बाद कोई हक नही इन बैचों पर बैठने का। (व्यवधान) दोनों पक्षों को ही नहीं। स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा कहना चाहता हूं कि कांस्टीच्यू ान के अन्दर सं ाोधन का प्रोवीजन है और इस प्रोवजीन के तहत वाकायदा तरमीम हुई 2/3 मजौरिटी से तरमीम हुई, राज्य सभा से अनुमादित हुई और उसके बाद 50 प्रति ात से अधिक स्टेट्स ने रैटीफाई किया और उस सं ाोधन के बाद हर विधान सभा की म्याद 5 साल की बजाये 6 साल हो गई। इसमें कांस्टीच्यू ानल बात हुई है। कोई अन–कांस्टीच्यू ानल बात नही है। 5 साल की

जो म्याद रखी है वह कांस्टीच्यू ानल ने ही 5 साल से बढ़ाकर 6 साल कर दी है।

एक आवाज : यह तो जनता से पूछे ..... (व्यवधान)

श्री बनारसी दास गुप्त : हर एक बात के लिए जनता से नही पूछा जाता। क्या ये भाई ऐसी कोई मिसाल पे ा करेंगे कि कांस्टीच्यू ानल में कोई अमेंडमेंट करेंगे और हिन्दुस्तान की 60 करोड़ जनता से सीधा पूछकर कानून पास करेंगे। कोई ऐसा उदाहरण ये पे ा करेंगे तो हम देखेंगें । (व्यवधान)

Chaudhir Partap Singh Daulata : On a Point of Order, Sir, My point is that the Constitutional amendment was subjected to the approval of the Nation. A democrat Prime Minister asked the Nation whether this amendment was good or bad and whether they approved it. The Nation has rejected that Constitutional amendment. That amendment was a part of the election manifesto.

श्री बनारसी दास गुप्त : अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं। दौलता साहब बार बार एक बात कह रहे थे कि प्वायंट आफ आर्डर वैसे ही किया जाता है। इन्होंने जो यह प्वांट आफ आर्डर किया है, क्या यह प्वायंट आफ आर्डर है ?

चौधरी प्रताप सिंह दौलता : स्पीकर साहब, मैं सैटिसफाई कर सकता हूं कि यह एक आर्गुमेंट है ..... (व्यवधान)

श्री बनारसी दास गुप्त : आप आर्गुमेंट दे सकते है सबमि ान कर सकते है, लेकिन यह प्वायंट आफ आर्डर कैसे बन सकता है ? ठीक है, हमारे दोस्त भी ऐसा ही करते है, एक बार दौलता साहब ने कर दिया तो मुझे काई एतराज नहीं (व्यवधान)। मैं एक बात कहना चाहता हूं और वह यह कि जैसा यहां कहा गया कि चुाव यह नहीं लड़ा गया, यह रैफरैंडम नहीं हुआ है यह गलत बात है। उस वक्त की हिन्दुस्तान की प्राईम मिनिस्टर श्रीमती इन्दिरा गांधी ने, वाकायदा लोक सभा को भंग करके चुनाव करवाने का एलान किया और बाकायदा नारमल वे में चुनाव हुए। क्या यह रैफरैडम नही है .... (व्यवधान) इसके बाद, अध्यक्ष महोदय, लोक सभा का चुना हुए। अब ये भाई हमसे इस्तीफे की मांग करते हैं लेकिन इस तरह हम इस्तीफा देने वाले नहीं, यह गलत बात है। हमारा इस्तीफा होगा तो वह उस रोज होगा जिस दिन जनता हमारे विरूद्ध निर्णल देगी।

चौधरी राम लाल वधवा : तो चुनाव करवा लें। जनता से फैसला ले लें, एक साल तो हो गया है म्याद खत्म हुई। (व्यवधान)

श्री बनारसी दास गुप्त : ये भाई जो कल तक श्रीमती इन्द्रिरा गांधी को डिक्टेटर बतला रहे थे और यह कह रहे थे कि हिन्दुस्तान में डैमोक्रेसी का खून कर दिया गया है। क्या यह खून हुआ ? हिन्दुस्तान ने दुनिया के इतिहास के अन्दर डैमोक्रेसी का जितना मान बढ़ा है उतना किसी भी दे ा में नही बढ़ा। इन

भाईयों की बात आप जाने दीजिये, ये क्या कहते है क्या नही कहते, मैं इन बातों में नही जाना चाहता। मैं संविधान की बात कहता हूं, कानून की बात कहता हूं। अब तो केन्द्र में इनकी सरकार बन गई है, अब यह अमेंडमैंट कर देंगे लेकिन मैं एक बात बतलाना चाहता हूं कि जो सरकार केन्द्र में बनी है, भारत के इतिहास में अन्दर इससे ज्यादा अन–इफैक्टिव सरकार कोई बनी ही नही। कैसे नहीं बनी? यह मेरे से सुन लो। यह सरकार सिवाये बजट के, कोई कानून पास नहीं कर सकती, कोई बिल पास नहीं कर सकती ..... (व्यवधान)

Chaudhri Partap Singh Daulata : Can another Government be criticised in the Haryana Vidhan Sabha ?

श्री बनारसी दास गुप्त : अध्यक्ष महोदय, मैं इस बात का जिक्र नही करता, मैं एक और बात कह रहा हूं ..... (व्यवधान)

चौधरी प्रताप सिंह दौलता : मैं सी.एम. साहब को रोकना नहीं चाहता लेकिन फिर हमें भी आप बोलने की इजाजत दे देना .....(व्यवधान)

श्री बनारसी दास गुप्त : ठीक है, मैं इस बात की चर्चा यहीं खत्म करता हूं, मैं दूसरे सदन की बात नहीं करता। मैं यह कहता हूं कि अगर उस संविधान में सं ाोधन करके हमारे म्याद फिर पांच साल कर दी जाए तो चुनाव करवाने के लिए हम तैयार है।

चौधरी ि ाव राम वर्मा : यह तो आपके साथ जबदस्ती होगी, हमें तो पांच साल हो गए है .....(व्यवधान)

श्री बनारसी दास गुप्त : ये भाई कितनी ही चीख पुकार करते रहें, जब तक हमारा समय है, ठाठ के साथ राज चलायेंगें (व्यवधान) हम यहां जबरदस्ती आकर नहीं बैठे है, हम जनता के द्वारा निर्वाचित होकर यहां आए है। आज की सरकार, हरियाणा प्रदे ा की सरकार बाकायदा कांस्टीच्यू ान सरकार है, संविधान पर आधारित है, इसलिए किसी भाई को हक नहीं कि आज की सरकार से इस्तीफा की मांग करें, यह बिल्कुल गलत बात है। दौलता साहब ने एक बात कही कि कांग्रेस के मेम्बरों के हलकों में काम होते है। मैं दौलता साहब को याद दिलाना चाहता हूं..... ...

चौधरी प्रता सिंह दौलता : तेरी कांस्टीच्यूएंसी में तो काम हुए है...(हंसी)

श्री बनारसी दास गुप्त : अध्यक्ष महोदय, चलो ठीक है, बड़े ग्रेसफुली इन्होंने इस बात को मा लिया है। मैं एक बात कहता हूं। इनके पीछे बैठे हुए गौड़ साहब ने कहा था कि पिछले पांच सालों से गोहाने के इलाके में कोई पैसा खर्च नहीं हुआ। ये कुछ दिन पहले कांग्रेस के मेम्बर थे और कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के बैंचों से उध बैठे है। दौलता साहब के सवाल का जवाब तो गौड़ साहब ने दे दिया है और वे खुद मान भी गए है....

चौधरी प्रताप सिंह दौलता : मैं कांग्रेस में था और ये अपोजी ान में थे (हंसी)

श्री बनारसी दास गुप्त : अध्यक्ष महोदय, दौलता साहब ने एक बात और कही थी कि इंडस्ट्रीज लगाने के लिए जो जमीन ली जाती है, किसान को उसकी पूरी कीमत मिलनी चाहिए। यह बात ठीक है। आज हम कोई जमीन एक्वायर करते हैं तो किसान को जमीन की जो मार्किट प्राइज है, उसको ध्यान में रखते हुए कम्पेन्से ान देते है। एक उन्होंने बहुगुणा की मिसाल दीं दौलता साहब यह सुन कर खु ा होगें कि हमने भी यह फैसला कर दिया है कि फैक्ट्री के लिए जिस किसान की जमीन लेंगे उस फैक्ट्री में उसका एक आदमी जरूर नौकर रखा जाएगा। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने हैंडलूम की मिसाल दी। हम इस बात को पूरी तरह से मानते है कि स्माल स्केल इंडस्ट्रीज को ज्यादा प्रोत्साहन दिया जाए और खुलकर देते है, लेकिन अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा यह बताना चाहता हूं कि कई इंडस्ट्रीज ऐसी है जो स्माल स्केल बेसिज पर लग नहीं सकती। अगर ट्रैक्टर बनाना है तो गांव का लोहार नहीं बना सकता। अगर हम फर्टेलाइजर तैयार करना चाहे तो किसी एक झोपड़ी में तैयार नहीं कर सकते। कुछ बेसिक इंडस्ट्री भी जो लार्ज स्केल पर ही लग सकती है। कुछ ऐसी इंडस्ट्रीज भी है जिनका होना जरूरी है उनके बिना छोटी इंडस्ट्री चल नहीं सकती। अब स्टील की इन्डस्ट्री छोटे पैमाने पर नहीं हो सकती। अगर उसको बड़े पैमाने पर न लगाया जाये तो छोटी

इन्डस्ट्री वालों को स्टील उपलब्ध नहीं हो सकता लेकिन इसके बावजूद भी मैं आपके द्वारा बतलाना चाहता हूं कि पिछले दिनांक हमने हैन्डलूम इन्ड हैन्डी क्राफट कारपोरे ान बनायी है। इस कारपोरे ान का उद्दे य यह है कि जो बुनकर है, अपने हाथ से कपड़ा बनाने वाले है, जो अपनी झोपड़ी में खादी बनाते है उनको पूंजी दी जाये। उनको आधुनिक तरीके के औजार दिए जाए, उनको कच्चा माल दिया जाये। इसके अलावा एक और भी प्रबन्ध सरकार ने किया है। उनके द्वारा जो माल तैयार किया जायेगा उसके बेचने का भी सरकार ने प्रबन्ध किया है। हम इस बात को जानते है कि जो छोटे और गरीब आदमी माल तैयार करते है, जब वे बेचने के लिए जाते है तो उनको कम से कम कीमत दी जाती है उसको उतनी कीमत नही मिलती जिससे कि वह अपना गुजारा कर सकें। इस प्रकार जितने भी रूरल आर्टीजन है चाहे वे लुहार है, मोची है, या काटेज इन्डस्ट्री का काम करते है, उनको हम पूंजी देंगे, कच्चा माल देंगे, आजकल के आधुनिक औजार देंगे और उनके द्वारा तैयार किए हुए माल को दे ा और विदे ा में बेचने का प्रबन्ध करेंगे ताकि उसको पूरी कीमत मिल जाए। (तालियां)

इसके अलावा कुछ बातें राम लाल जी ने एमरजैन्सी के बारे में कहीं है। उन्होंने यहां कहा कि एमरजैन्सी का दुरूपयोग हुआ है परन्तु राम लाल जी को गिरफ्तार करके तो दुरूपयोग नहीं किया है। वे खुद ही इस बात का अन्दाजा लगा सकते है।

चौधरी राम लाल वधवा : मैं आपसे ऐसी ही आ ाा रखता हूं।

श्री बनारसी दास गुप्त : अगर हम एमरजैन्सी का दुरूपयोग करते तो उनके साथी वर्मा जी जो यहां बैठे हुए है उनको भी गिरफ्तार करते। यहां पर हरियाणा में कितने ही अपोजी ान के लीडर है जिनको सरकार ने गिरफ्तार नहीं किया। अगर हम एमरजैन्सी का मिस यूज करते तो हम उन सब को अन्दर करते। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय कई मिसालें हैं कि अगर किसी आदमी को गिरफ्तार कर लिया हो और हमने देखा कि बिमार है या कोई वि ोश कारण है तो हमने उसके हालात को देख कर रिहा कर दिया। इससे साफ जाहिर है कि एमरजैन्सी और मिसा का दुरूपयोग नहीं हुआ है।

यह पर कुछ ऐसे भी है जो आज तक और आज से साल भर पहले इस बात को मानते थे कि एमरजैन्सी से हिन्दुस्तान की जनता को बड़ा भारी लाभ हुआ है। यह बात को हर आदमी मानता है।

पंडित चिरंजी लाल भार्मा : ये जनसंघ वाले सारे यूथ कांग्रेस के मेम्बर बने हुए थे।

श्री बनारसी दास गुप्त : स्पीकर साहब, समय थोड़ा है क्योंकि फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने भी बोलना है वरना मैं यहां बताता कि एमरजैन्सी से दे ा का कितना आर्थिक लाभ हुआ,

कितना उत्पादन बढ़ा है और कितना डिस्पलन आया है, ये सारी बातें बतला सकता हूं लेकिन समय की कमी है।

रामलाल जी ने बजट को खोखला कहा है। मेरी समझ में नही आता कि उन्होंने इस बजट को कैसे खोखला कह दिया। हम इस बजट का 80 प्रति ात पैसा पानी और बिजली पर खर्च करेंगे। हम नये नये थर्मल प्लांट लगायेंगे, लिंक कैनाल बनायेंगे, जवाहर लाल कैनाल बनायेंगें, उसके पानी को हम एरिड एरिया में देंगें। हमने नाफथा झाकड़ी प्रोजैक्ट का हिमाचल प्रदे ा की सरकार से एग्रीमैंट किया है जिस पर चार सौ करोड़ रूपया खर्च होगा, फिर भी राम लाल जी यहां कहते है कि बजट खोखला है तो मैं उनसे जानना चाहता हूं कि वह ठोस बजट कैसा होता है? मैं तो उनकी बात समझ नहीं पाता और मुझे तो हैरानी है कि वे बिना पढ़े और बिना देखे ही कह रहे है कि ठोस बजट नहीं है। मैं तो यह कहता हूं कि जो व्यक्ति इस बजट को खोखला बतलायेगा वह स्वयं खोखला है।

हमने इन्डस्ट्री पर जोर दिया है। लार्ज स्केल पर और स्माल स्केल दोनों प्रकार की इन्डस्ट्रीज पर जोर दिया है जिससे लोगों को काम मिल सकता है। बिजली और पानी का प्रबन्ध करने पर जोर दिया है जिससे प्रदे ा की डिवैल्पमैंट हो सकती है, खु ाहाल हो सकता है, रोजगार लोगों को मिल सकता है। हमने सब चीजों का बजट में प्रोविजन किया है इस बजट की एक एक

आइटम को पढ़कर यह कहा जा सकता है कि यह बजट प्रदे ा का खु ाहाल करने वाला बजट है।

कुछ बातें हमारे साथ गौड़ साहब ने कहीं। उनकी बात का तो मैं जवाब नहीं देना चाहता। अगर गौड़ साहब की बातों का जवाब देखना हो तो पिछले सै ान में जो उन्होंने स्पीच की है उसमें ही सारा जवाब मिल जायेगा। जो बात उन्होंने 20 सूत्रीय प्रोग्राम के विशय में कही कि यह सिर्फ एक सूत्रीय प्रोग्राम था। पिछले सै ान में बीस सूत्रीय प्रोग्राम की तारीफ करते करते उनका गला सूख रहा था। मैं यह बात दावे के साथ कहता हूं और मैंने अपने कानों से यह सुना है कि बीस सूत्रीय प्रोग्राम बताते है। इसलिए उनके बारे में तो ज्यादा कुछ जिक्र नही करना चाहता, इनकी पिछली स्पीचिज को आप पढ़ लें उनसे पता लग जायेगा कि वे पहले क्या कहते रहे है और आज क्या कहते है।

एक बात बूरा साहब ने कही कि जो सड़कें लम्बी हों और उनके बीच में कुछ भाग कच्चा हो उनसे जनता को भी फायदा होता हो लेकिन डबल लिंक की वजह से वे रह जाती है, उनको पूरा करना चाहिए। मैं उनकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि जिस सड़क को बनाने का वे जिक्र कर रहे थे उस सड़क को पूरा करने का हम पहले ही एलान कर चुके है। कई लम्बी सड़कें हैं एक इम्पोर्टैंट स्थान से दूसरे ईम्पोर्टैंट स्थानों को मिलाती है, उनके बीच में चार पांच किलोमीटर क गैप यदि रहा है उसको हम पक्का बनायेंगे। इन सब बातों की ओर सरकार ने

ध्यान दिया हुआ है। इन भाब्दों के साथ अध्यक्ष महोदय मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं कि मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है।

वित मन्त्री (श्री राम सरन चन्द मित्तल) : आदरणीय अध्यक्ष महोद, जो बजट सदन के सामने पे ा किया है उसका बहुत से साथियों से स्वागत की उम्मीद नहीं की जा सकती उन्होंने उसकी नुक्ताचीनी की है। मैं नुक्ताचीनी की बात पहले लाना चाहता हूं। चौधरी लाल जी ने बजट एट ए ग्लान्स को देख क कहा कि हमारी पर–कैपिटा इन्कम कम हो गई है तो अध्यक्ष महोदय यह तो वही बात है कि किसी आदमी ने एक भाई से पूछा कि गीदड़ कितना बड़ा होता है उसने कहा कि इतना बड़ा हो सकता है। उसने कहा कि इतना बड़ा कैसे हो सकता है ? उसने फिर कहा कि मैं दूसरा हाथ तो लगाना भूल गया था। दरअसल उन्होंने बजट को जरूर पढ़ा मगर अधूरा पढ़ा। हमारी पर कैपिटा इन्कम सन् 1970–71 में 441 थी, 1972–73 में 426 थी, 1973–74 में 425 थी, 1974–75 में 429 थी और आखिर में 1975–76 में 473 हो गई। उन्होंने अपने मतलब की बात तो पढ़ी लेकिन इसका कुरैक्ट इन्टरप्रेटे ान क्या है सन् 1960–61 में जो प्राइसीज थी उनको कम्पेअर करना चाहिए। पुराने आदमी अपनी आमदनी को कम्पेअर करते है कि पहले सौ रूपये में गुजारा होता था लेकिन आज उसका एक हजार रूपये में भी गुजारा नहीं होता। आज से

पचास या साठ साल पहले सौ रूपये में गुजारा होता था लेकिन अब एक हजार में नही होता।

हमारी पर–कैपिटा इन्कम जो करंट प्राइसिज पर है वह इस प्रकार है :–

1966–67	608
1967–68	713
1970–71	845
1971–72	928
1972–73	989
1973–74	1174
1974–75	1217

तो मेरा कहने का मतलब यह है कि पर–कैपिटा में कमी हुई है, वैसी कोई बात नहीं है। एक बात उनके मुखारबिन्द से सुनकर मुझे बड़ा अफसोस हुआ है कि एग्रीकल्चर और इरीगे ान हरियाणा में फैल हो गई है। उन्होंने लफ्ज 'फेल' इस्तेमाल किया था। मैं उन्हें यह बताना चाहता हूं कि उनके पास ही हमारे भूतपूर्व कृशि मंत्री बैठे हुए है जब हरियाणा 1966 में बना था तो एक लाख टन अनाज हम बाहर से लेकर अपने लोगों को खिलाते थे लेकिन आज हम कितना ही चावल, कितने ही गेहूं

और दूसरी चीजें सैंट्रल पूल में देते है। इस सब के बावजूद यह कहना कि हम फेल हो गये है, यह दुरस्त नहीं है। जो कुछ यह कहते हैं कि हम फेल हो गये। यह डाइवरसिटी आफ फैक्टस है। मैं एक दफा का मीर में एक कांफ्रेस में गया हुआ था। वहां पर खाना खाते वक्त एक मिनिस्टर मेरे पास आये और कहने लगे कि हमें भूखा न मारना। मेरा कहने का मतलब यह है कि वे पंजाब और हरियाणा की तरफ ही अनाज के लिये दिखते है। इस तरह से आउटराइट कन्डैमने ान ठीक नहीं है। 20 सूत्री कार्यक्रम का भी यहां पर जिक्र आया। मैं हाउस को यह बताना चाहता हूं कि जब यह जेल में थे तो एक पब्लिक रिले ान्ज डिपार्टमेंट की तरफ से छपी किताब उनको दी गयी थी। जो कि 20 सूत्री कार्यक्रम के बारे में थी। उन्होंने 14 प्वांयटस तो डिस्कस कर दिये लेकिन 6 प्वायंट छोड़ ही गए। अगर इन्होंने सही तरीके से पढ़ा होता तो इनको यह पता होता कि इन 20 आईटम्ज के अन्दर जो 6 आईटम थे, वे सैंट्रल गवर्नमैंट से ताल्लुक रखते है। स्टेट गवर्नमैंट का इसमें कोई ताल्लुक नही हैं।

चौधरी ि िव राम वर्मा : आप 20 प्वायंट क्यों कहते हो, 25 प्वायंट कहो।

श्री राम सरण चन्द मित्तल : आप तो 20 के 25 कहते हो, इन्होंने तो 20 के भी 14 कर दिये। यह बात मैं जानता हूं कि कितना ही बोलू लेकिन इनकी समझ में नही आयेगा। एक बात इन्होंने यह कही कि डैफिसिट को कैसे मीट किया जायेगा ? अगर

अ.प. बजट स्पीच को ही पढ़ ज.ये तो आपको यह पता लगेगा कि इसमें यह साफ तौर पर बताया गया है कि यह घाटा किस तरह से पूरा किया जायेगा ? अगर अंग्रेजी की भाशा में पढ़ लें तो भाायद ज्यादा क्लीयर होगा। बजट स्पीच के पेज 31 पर यह लिखा हुआ है :

"We re hopeful of reducing this gap by likely additional devolution to State Government of central taxes and plan assistance from the Government of India which in the Budget Estimates for the year 1977-78 has been assumed at Rs. 11.40 crores as against cenral assistance of Rs. 27 crores promised for the current financial year. Substantial efforts would continue to be made to exercise a strict control on administrative expenditure. The budget estimates for the year 1977-78 are based on the assumptions that current level of prices will continue toprevail and agricultural/industrial output will not fall short of the current levels. As it is, both the agricultural and industrial output in the State is likely to register a further increase in the financial year 1977-78 and we are likely to achieve further buoyancy in state revenues.

Further it is written –

".....Therefore, we intend undertking a mid-term review of the state's resources during 1977-78."

मेरा कहने का मकसद यह है कि इनके जो रिमार्क्स थे, वह मुझे बड़े पिंचिंग नजर आये फिर इन्होंने यह कहा कि करनाल में एक सज्जन आये और उनके स्वागत पर सारा खर्चा सरकार

द्वारा किया गया। देखने वाली बात यह है कि उनके स्वागत पर कोई खर्चा किया गया है या नही ? मैं उन्हें यह साफ बता देना चाहता हूं कि उनके स्वागत पर कोई खर्चा नहीं किया गया। ला एण्ड आर्डर की मेनटेनैन्स पर अगर कोई आदमी आयेगा, तो उस पर तो खर्च होगा ही। इससे ज्यादा मैं इस बात पर नहीं कहना चाहता। हमारे गौड़ साहब ने एक बात इन्स्पैक्टर राज के बारे में कही। इसमें कोई भाक नहीं कि कई तरह के इन्स्पैक्टर्ज होते है। लोग इन्सपैक्टर्ज की ि ाकायत भी करते है। देयर इज नो डिनाइंग दी फैक्ट। लेकिन साथ ही यह होना हैल्थ के प्वायंट आफ व्यू से भी नसैसरी है कि फूड इंस्पैक्टर्ज हों। अगर फूड इंस्पैक्टर्ज नहीं होगें तो लोग कहेंगे कि कितनी ही एडलट्रेटिज चीजें बिकती है। लेकिन उनको चैक करने वाला कोई नहीं है। इसी तरह से वेट एण्ड मीयर्ज के इंस्पैक्टर्ज है। अगर वे न हों तो आप लोग ही कहेंगे कि कोई वेट्स पर चैकिंग नही है, कोई चाहे कम दे या ज्यादा न इधर चैन न उधर चैन।

चौधरी ि ाव राम वर्मा : अगर वे नौकरी खरीद कर लेंगे तो वह पैसे खायेंगे ही।

श्री बनारसी दास गुप्त : आपका लड़का भी एच.स.एस. पैसे देकर बना है ? ..... (व्यवधान एवं भाोर)

श्री राम सरन चन्द मित्तल : इसलिए मेरा कहना यह है कि किसी को अगर ि ाकायत आती है तो पकड़ा जा सकता है,

ऐसे ही पकड़ना मुि कल होता है। मेरे ख्याल में इसमें और ज्यादा कहने की जरूरत नहीं है। अगर किसी ने कोई कंस्ट्रक्टिव सुजै ान दिये है तो उन पर विचार किया जायेगा। धन्यवाद।

Mr. Speaker : The House stands adjourned till 2.00 p.m. today.

12.58 बजे।

(The Sabha then adjourned till 2.00 p.m. on Friday, the 26th March, 1977).